# खाटू वाले तेरी किरपा से मौज उड़ाऊ

खाटू वाले श्याम धनि तेरे क्यों कर उपकार गिनाऊ,
सुन खाटू वाले तेरी किरपा से मौज उड़ाऊ,

दुनिया ने जद ठुकराया था पकड़ लिया था हाथ तने,
बेबश और लाचार भगत का खूब निभाया साथ तने,
हारे का साथी है बाबा दुनिया ने बतलाऊ,
खाटू वाले तेरी किरपा से मौज उड़ाऊ,

तेरे गांव की देखि बाबा अजब निराली माया है,
तेरा हो के रह गया बाबा जो भी खाटू आया है,
खाटू की माटी में बाबा मैं भी लोट लगाउ,
खाटू वाले तेरी किरपा से मौज उड़ाऊ,

सारी दुनिया में चर्चा श्याम तेरी दिलदारी का,
खोल दिया तने ताला बाबा सोइ किस्मत मारी का,
जन्म जन्म श्याम धनि मैं गुण तेरे गाउ,
सतरंगी निशान उठा बगता संग खाटू आउ रे,
खाटू वाले तेरी किरपा से मौज उड़ाऊ,

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/15357/title/khatu-vale-teri-kirpa-se-mauj-udaau

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |